**7.1.9**

**Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens**

**Details of activities that inculcate values; necessary to render students to responsible citizens**

## Display of National Song in Prayer Ground




# Display of National Anthem in Prayer Ground




**Display of Constitution, Fundamental Rights and Duties in Reception Area**



# Display of Constitution of India in College Library



# Display of Fundamental Duties in College Library



News Paper coverage

**International Webinar on “Gender Equity Issues in Pandemic Times” at HMV**

Dated: 19th July, 2020



अंधेरे से उजाले की ओर...

>> पृष्ठ 12 >> वर्ष : 09 >> अंक : 341 जालंधर, सोमवार 20 जुलाई 2020 5 श्रावण, विक्रमी सम्वत् 2077

## एच.एम.वी. ने आयोजित किया जैंडर इक्विटी इश्यूज' विषय पर इंटरनैशनल वैबिनार

इंटरनैशनल वैबिनार में हिस्सा लेते हुए डा. बलजिंदर सिंह, डा. आश्मीन कौर, डा. वंदना शर्मा, को-ऑर्डीनेटर डा. रमनीता सैनी शारदा। (संदीप)

जालंधर, 19 जुलाई (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय के साइकोलॉजी तथा सोशियोलॉजी विभागों की ओर से आई.क्यू.ए.सी के सानिध्य में प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के दिशा-निर्देशानुसार एन.जी.ओ. अपार के संयुक्त तत्वावधान में 'महामारी के समय में जैंडर इक्विटी इश्यूज' विषय पर इंटरनैशनल वैबिनार का आयोजन किया गया। वैबिनार सीरीज को-ऑर्डीनेटर डा. रमनीता सैनी शारदा ने महामारी के समय में इस प्रकार के वैबिनार आयोजित किए जाने पर जोर दिया। सोशियोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. बलजिंदर सिंह ने वैबिनार के विषय की व्याख्या की। साइकोलॉजी विभागाध्यक्षा डा. आश्मीन कौर ने रिसोर्सपर्सन का परिचय देते हुए सैशन को मॉडरेट भी किया। वैबिनार में मुख्य स्पीकर डा. वंदना शर्मा, पूर्व डीन सोशल साइंस तथा विभागाध्यक्षा साइकोलॉजी विभाग, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, प्रोफैसर ऑफ एमिनैंस अकाल यूनिवर्सिटी, तलवंडी साबो थे। बेहतरीन प्रैजैंटेशन के माध्यम से उन्होंने भारत के अनुसार महामारी के समय में जैंडर इक्विटी इश्यूज पर बात की। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। दूसरे स्पीकर के तौर पर एन.जी.ओ. अपार की संस्थापक तथा यू.एस. से फिजिशियन डा. नवनीत भुल्लर उपस्थित थे। उन्होंने वैश्विक स्तर पर व्याप्त महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों ही रिसोर्स पर्सन्स ने जैंडर इक्विटी की ओर बढ़ने के लिए प्रयोग किए जा सकने वाले कई मॉडल्स पर भी बात की। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने वैबिनार की सफलता पर विभागों को बधाई दी। डा. आश्मीन कौर ने दोनों रिसोर्स पर्सन्स, आई.क्यू.ए.सी. को-ऑर्डीनेटर डा. कंवलदीप कौर, वैबिनार सीरीज को-ऑर्डीनेटर डा. रमनीता सैनी शारदा तथा टैक्नीकल टीम का धन्यवाद किया।

# Online quiz organised on Kargil Vijay Diwas by HMV

Dated: 26th July, 2020



## एच.एम.वी. ने करवाई ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता

जालंधर, 29 जुलाई (कुश): हंस राज महिला महाविद्यालय के एन.सी.सी. विभाग की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के हीरोज को श्रद्धांजलि देने के लिए ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में कारगिल युद्ध पर आधारित 20 प्रश्न पूछे गए। ऑनलाइन क्विज का लिंक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ओपन रहा। प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन ने बताया कि एच.एम.वी. इनोवेशन के लिए जाना जाता है। इस तरह की यूनिक क्विज प्रतियोगिता हमारे देश की युवा ब्रिगेड में देश भक्ति की भावना का प्रसार करने में सहायक हो सकती है। युवा कारगिल युद्ध के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 1121 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को इ-सर्टीफिकेट दिए जाएंगे। कालेज प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने प्रतियोगिता की कनवीनर सलोनी शर्मा, को-कन्वीनर लैफ्टिनैंट सोनिया महेंद्रू तथा ऑर्गेनाइजिंग सैक्रेटरी पूर्णिमा शर्मा को बधाई दी।

प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन

## [International Webinar on Covid 19 and Indian Economy: Challenges and Ways Ahead held by HMV]

Dated: 5th August, 2020



# एच.एम.वी. ने नैशनल वैबिनार कोविड-19 एंड इंडियन इकोनॉमी - चैलेंजिस एंड वेज अहैड का किया आयोजन

प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के साथ बातचीत करते हुए रिसोर्स पर्सन्स तथा प्रतिभागी। (संदीप)

जालंधर, 6 अगस्त (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय के पीजी विभाग इकोनॉमिक्स की ओर से कोविड-19 एंड इंडियन इकोनॉमी-चैलेंजिस एंड वेज अहैड विषय पर नैशनल वैबिनार का आयोजन प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। वैबिनार सीरीज कोऑर्डिनेटर डा. रमनीता सैनी शारदा ने सभी रिसोर्स पर्सन्स तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया। इकोनॉमिक्स विभागाध्यक्षा शालू बतरा ने सभी रिसोर्स पर्सन्स का परिचय दिया। इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के सचिव तथा पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. दविंदर कुमार मदान ने वैबिनार के थीम की विस्तारपूर्वक व्याख्या की तथा कोविड-19 के भारतीय अर्थवयवस्था पर प्रभाव तथा इकोनॉमिक एवं हैल्थ पॉलिसी पर बात की। आरबीआई चंडीगढ़ [illegible] के प्रो. सतीश वर्मा ने अपने [illegible] भाषण में एमएसएमई के लिए वर्तमान स्कीम पर बात की तथा उनके लाभ के लिए और लिबरल पॉलिसीस बनाने पर जोर दिया। औरो यूनिवर्सिटी सूरत के [illegible] तथा डीन [illegible] प्रो. [illegible] सिंह ने कीनोट एड्रैस दिया तथा एम्प्लायज केंद्रित पॉलिसीस होने पर जोर दिया। मैसूर कर्नाटक से इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमैंट के प्रो. बी.गोपाल सिंह ने कोविड-19 के दौरान वातावरण, क्राइम रेट में कमी, टैक्नोलॉजी के बढ़ने, पावर सैक्टर, कैमिकल सैक्टर, फार्मास्यूटिकल सैक्टर के बढ़ने पर चर्चा की। श्री गुरु गोबिंद सिंह कालेज चंडीगढ़ से इकोनॉमिक्स की एसोसिएट प्रो. डा. कंवलजीत कौर ने कहा कि टैलेंट तथा टैक्नोलॉजी की मजबूत नींव होने कारण भारत ग्लोबल रिसर्च तथा विकास को लीड कर सकता है। प्रो. वी. के. मल्होत्रा, प्रैजीडैंट इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन ने सस्टेनेबल ग्रोथ की प्राप्ति के लिए डिवैल्पमैंट सैंटर तथा न्यू डिवैल्पमैंट मॉडल बनाने पर जोर दिया। वैबिनार काफी ज्ञानवर्धक रहा। वैबिनार कोऑर्डिनेटर तथा मॉडरेटर शालू बतरा ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने [illegible] डा. पूनम सूरी, [illegible] श्री शिव रमन गौड़, प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डा. कंवलदीप कौर, वैबिनार सीरीज कोऑर्डिनेटर डा. रमनीता सैनी शारदा, मॉडरेटर ज्योतिका मिन्हास, फैकल्टी सदस्यों चन्द्रिका, हरमनु तथा सुकृति का विशेष धन्यवाद किया।

World mental health day



ड़ से अधिक पाठक (IRS 2019) PUNJAB KESA

## 'वर्ल्ड मैंटल हैल्थ डे' पर साइकोलॉजी विभाग ने करवाया वैबीनार

जालंधर, 12 अक्तूबर (विनीत): हंसराज महिला महाविद्यालय के साइकोलॉजी विभाग की ओर से 'वर्ल्ड मैंटल हैल्थ डे' के अवसर पर डी.पी.आई. कालेज, पंजाब के निर्देशानुसार श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाशोत्सव पर वैबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर के साइकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डा. दविन्द्र सिंह जौहल बतौर रिसोर्स पर्सन शामिल हुए।

*वैबीनार में मौजूद डा. अजय सरीन, डा. दविन्द्र सिंह जौहल, डा. आशमीन कौर व अन्य महानुभाव।*

उन्होंने वैबीनार में गुरुबाणी के हवाले से मन के संकल्प के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने सभी को अपने मन को प्रसन्न एवं निरोग रखने के लिए धार्मिक ग्रंथों से दिशा लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि अच्छी सेहत व अच्छे विचार मन की उत्तम ... विभागाध्यक्षा डा. आशमीन कौर ने डा. जौहल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने गुरुबाणी के सिद्धांत 'नाम जपो, वंड छको, किरत करो' को मानसिक संतुष्टि व तंदरुस्ती का आधार बताया तथा सकारात्मक सोच व विकासशील नजरिया रखने की शिक्षा दी। प्रिंसीपल डा. अजय सरीन ने इस दौरान सभी को मानसिक सेहत के प्रति सुचेत रहने का संदेश दिया।

**HMV adds another feather to its cap: Recognized as Swacchta Action Plan Institute by the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development, Govt. of India**

Dated: 18th August, 2020



# एच.एम.वी. को मिली 'स्वच्छता कार्य योजना संस्थान' के रूप में मान्यता

जालंधर, 18 अगस्त (विनीत): हंसराज महिला महाविद्यालय को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत महात्मा गांधी स्वच्छता योजना ग्रामीण परिषद की ओर से स्वच्छता कार्य योजना संस्थान के रुप में मान्यता प्रदान की गई है।

कालेज की प्रिं. डा. अजय सरीन ने बताया कि कोविड-19 के तहत स्वच्छता हेतु कार्य समूहों के गठन, कचरा प्रबंधन, जल प्रबंधन, उर्जा प्रबंधन के साथ ही वातावरण की पर्यवेक्षण संबंधी किए जा रहे निरंतर प्रयत्नों के लिए उक्त मंत्रालय की ओर से एच.एम.वी. की भरपूर सराहना भी हुई है। डा. सरीन ने बताया कि कालेज में मौजूद सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट, पेपर री-साइकलिंग यूनिट, सोलर पैनल यूनिट व क्रीमोटोरियम यूनिट कालेज कैंपस के जीवन में स्थिरता कायम रखने में भी सहायक साबित हो रहे हैं। कालेज को मिली उक्त उपलब्धि के लिए उन्होंने डी.ए.वी. कालेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के प्रधान डा. पूनम सूरी सहित कालेज के प्रत्येक स्टाफ सदस्य व छात्राओं को बधाई दी।

डा. अजय सरीन।

## Teachers' Day Celebrated at HMV

Dated: 5th September, 2020



# एच.एम.वी. में एसोचैम नैशनल कौंसिल ऑफ एजुकेशन के सहयोग से मनाया 'शिक्षक दिवस'

## NSS, NCC and Sports department of HMV participated in “Fit India Freedom Run” campaign

Dated: 8th September,2020



शनिवार • 29 अगस्त, 2020

‘फिट इंडिया फ्रीडम रन’ के तहत

**खेल विभाग की छात्राओं व एन.एस.एस. वालंटियर्स ने किया योगा व व्यायाम**

जालंधर, 28 अगस्त (विनीत): हंसराज महिला महाविद्यालय के एन.एस.एस. यूनिट एवं खेल विभाग के संयुक्त प्रयास से भारत सरकार के

Water Conservation



DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR

WWW.DAINIKSAVERATIMES.COM

# एव.एम.वी. ने जल संरक्षण के लिए उठा
# सराहनीय कदम : प्राचार्या डा. अजय सरी

● महाविद्यालय में जल संरक्षण के लिए करवाई जा रही गतिवि

## [NSS unit of HMV participated in next phase of “Fit India Freedom Run” movement]

Dated: 23rd September, 2020



NIK SAVERA TIMES, JALANDHAR >> पृष्ठ 12 >> वर्ष : 10 >> अंक : 42 जालंधर, शुक्रवार, 25 सितंबर 2020 10 आश्विन, विक्रमी सम्वत् 2077 << शक सम्वत् 1940 <<

**एच.एम.वी. के एन.एस.एस. यूनिट की फिट इंडिया फ्रीडम रन में सहभागिता**

जालंधर, 24 सितंबर (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय के एन.एस.एस. यूनिट की ओर से युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देश अधीन फिट इण्डिया फ्रीडम रन से कालेज प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के उत्साहवर्धक मार्गदर्शन अधीन सहभागिता की गई। जिनके अन्तर्गत एन.एस.एस. वालंटियर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को कोविड-19 के दौर में शारीरिक सन्तुलन बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। इसी के अधीन छात्राओं ने अपने पड़ोस एवं अपने आसपास के लोगों को कोविड-19 के इस वातावरण में स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु प्रेरित किया एवं यह भी बताया कि घर पर ही योगा, व्यायाम एवं अपने खान-पान का उचित सन्तुलन रख कर हम किस प्रकार इस पर्यावरण के आतंक से बाहर निकल सकते हैं, इस हेतु भी शिक्षित किया। प्राचार्या प्रो. डा.अजय सरीन ने वालंटियर्स के इस उत्साह एवं कार्य की प्रशंसा की एवं कहा कि आज के इस दौर में जनता को उनके शारीरिक व मानसिक संतुलन हेतु शिक्षित करना हमारा परम कर्त्तव्य है जिसमें हमारे एन.एस.एस. यूनिट के वालंटियर्स एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने वालंटियर्स के इन प्रयासों हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया। एन.एस.एस. यूनिट प्रोग्राम ऑफिसर वीना अरोड़ा एवं हरमनुपाल ने भी वालंटियर्स के इस उत्साह की सराहना की एवं लोगों को अपना शारीरिक व सामाजिक संतुलन बनाए रखने हेतु संदेश दिया। इसी उपलक्ष्य में एन.एस.एस. यूनिट के सहायक 'प्रोग्राम ऑफिसर पवन कुमारी एवं मीनू तलवाड़ ने भी वालंटियर्स के उत्साह की सराहना की एवं उन्हें उत्साहित किया।

लोगों को कोविड-19 के दौर में शारीरिक सन्तुलन बनाए रखने हेतु प्रेरित करते हुए एच.एम.वी. के एन.एस.एस. वालंटियर्स। (संदीप)



कुल पृष्ठ 10+4 = 14 पंजाब मूल्य ₹ 3.00 | वर्ष 14,

वीरवार, 24 सितंबर, 2020 प्रथम आश्विन (अधि

**एचएमवी कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स**

## HMV celebrated virtually 113th Birth Anniversary of ShaheedBhagat Singh

Dated: 28th September, 2020



# एच.एम.वी. में शहीद भगत सिंह की 113वीं वर्षगांठ मनाई

**शहीद भगत सिंह का जीवन आज के युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत**

जालंधर, 30 सितंबर (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय के हिस्ट्री विभाग की ओर से शहीद भगत सिंह की 113वीं वर्षगांठ को समर्पित ऑनलाइन विशिष्ट कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के प्रोत्साहनात्मक दिशा-निर्देशन अधीन किया गया। इस अवसर पर हिस्ट्री विभागाध्यक्षा प्रोतिमा मंडेर के संरक्षण में छात्राओं को शहीद भगत सिंह के जीवन को प्रस्तुत करती पीपीटी दिखाई गई। छात्राओं ने इस कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह से सहभागिता की एवं क्रान्तिकारी भावों पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किए।

प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने हिस्ट्री विभागाध्यक्षा प्रोतिमा मंडेर के इस विलक्षण प्रयास हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह का जीवन आज के युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवा वर्ग को उनके जीवन से शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को उचित मार्ग प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार छोटी सी आयु में शहीद भगत सिंह जी ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। यदि ऐसी ही देश भक्ति का भाव आज के युवा वर्ग में हो तो निश्चय ही देश प्रगति मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। हिस्ट्री विभागाध्यक्षा प्रोतिमा मंडेर ने भी छात्राओं को शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा। उन्होंने बताया कि बी.ए. समैस्टर-5 की छात्राएं- कु. रोनिका, कु. श्रेया, कु. वरनजीत एवं कु. कीर्ति ने इस प्रस्तुति में पूर्ण उत्साह से भाग लिया एवं शहीद भगत सिंह के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत किया।

शहीद भगत सिंह की 113वीं वर्षगांठ पर ऑनलाइन विशिष्ट कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी। (संदीप)

# NSS Volunteers of HMV participated in “My waste My Responsibility” Campaign

Dated: 30th September, 2020



REGISTRATION NO. PB-JL-058/20-22 अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

## एम.वी. की 'माई वेस्ट माई रिस्पांस्बिल्टी' अभियान में उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता

30 सितंबर (कुश):
हिला महाविद्यालय के
यूनिट के वालंटियर्स द्वारा
र्या प्रो. डा. अजय सरीन
अधीन 'नगर निगम द्वारा
ट्रैश टू ट्रैयर' 'माई वेस्ट
स्बिल्टी' अभियान में
प्रोग्राम आफिसर डा.
टिया के संरक्षण में
प्रतिभागिता की गई।
2020 के अधीन इस
आयोजन नगर निगम
बर से 15 अक्तूबर
है। संस्था के लिए यह
है कि संस्था के कई
स. वालंटियर्स ने इस
ग लेकर संस्था को

अजय सरीन ने प्रतिभागी वालंटियर्स को उनकी विलक्षण सहभागिता हेतु बधाई दी एवं प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समाज को स्वच्छता प्रदान करना हमारा परम कर्तव्य है। इसके लिए हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए एवं समाज को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने नगर निगम, जालंधर के इस अद्वितीय कदम की प्रशंसा की एवं आश्वासन दिलाया कि संस्था सदैव उनके सहयोग हेतु तत्पर रहेगी एवं समाज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में पूर्ण सहयोगी रहेगी। इसी श्रृंखला में प्रोग्राम ऑफिसर डा. अंजना भाटिया ने भी सहभागी वालंटियर्स को

प्रतिभागिता हेतु उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि संस्था की एन.एस.एस. वालंटियर्स कु. ईशप्रीत कौर ने पुराने समाचार पत्रों से बहुत सुन्दर गुड़ियां बनाई एवं कु. हरमनप्रीत कौर ने भी बचे सामान से घर का सजावटी सामान बनाकर एक विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी प्रकार अन्य कई वालंटियर्स ने भी इस प्रतियोगिता में सहभागिता कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। प्रोग्राम ऑफिसर वीना अरोड़ा एवं हरमनु पाल ने भी छात्राओं की अद्भुत विशिष्टता की सराहना की। सहायक प्रोग्राम ऑफिसर पवन कुमारी एवं मीनू तलवाड़ ने भी छात्राओं को उनकी अद्वितीय प्रतिभागिता हेतु उत्साहित व प्रोत्साहित किया।

'ट्रैश टू ट्रैयर' 'माई वेस्ट माई रिस्पांस्बिल्टी' अभियान की जानकारी लेती कालेज प्राचार्य प्रो. डा. अजय सरीन तथा अभियान में छात्राओं द्वारा बनाए गई सुन्दर गुड़िया व घर का सजावटी सामान को दिखाती हुई छात्राएं। (संदीप)

# [COVID Test of HMV Staff Members]

Dated:18th November, 2020



दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

www.dainiksavera...

...ERA TIMES, JALANDHAR » पृष्ठ 12 » वर्ष : 10 » अंक : 97 जालंधर, वीरवार, 19 नवंबर 2020 5 मार्गशीर्ष, विक्रमी सम्वत् 2077 « शक सम्वत् 1940 «

## एचएमवी के स्टाफ सदस्यों का हुआ कोविड टैस्ट

जालंधर, 18 नवंबर (कुश): सरकारी निर्देशों के अनुसार हंस राज महिला महाविद्यालय के टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ सदस्यों का कोविड टैस्ट करवाया गया। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने बताया कि प्रिंसीपल सहित 101 टीचिंग व 83 नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों के कोविड टैस्ट के लिए सैंपल लिए गए हैं। यह टैस्ट आईटी पीसीआर किया गया है जिसकी रिपोर्ट दो दिन में आ जाएगी। प्राचार्या डा. सरीन ने बताया कि कालेज प्रबंधन छात्राओं को बुलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी छात्राओं को कंसैंट फार्म भेज दिए गए हैं, जो छात्राएं आना चाहती हैं, वे कंसैंट फार्म भरकर माता-पिता के हस्ताक्षर करवा कर ही कालेज आ सकेंगी। कालेज प्रबंधन छात्राओं को बुलाने की नीति बनाने पर भी विचार कर रहा है ताकि ऑफलाइन कक्षाएं भी शुरू हो सकें तथा सोशल डिस्टैंसिंग का पालन भी हो सके। छात्राओं को थर्मल स्कैनिंग के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। कालेज में सभी क्लास रूम को सैनेटाइज किया गया है तथा जगह-जगह सैनेटाइजर भी लगाए गए हैं।

एचएमवी कालेज में टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों के कोविड टैस्ट करते हुए टीम। (संदीप)

# Vaccination Camp Organized atHMV



जालंधर, मंगलवार, 20 अप्रैल 2021

# एचएमवी कालेज में लगाया विशेष टीकाकरण कैंप

## एच.एम.वी. में महात्मा हंसराज जी का जन्मोत्सव मनाया

एच.एम.वी. में लगाए गए टीकाकरण कैंप (कोविड-19) की शुरुआत करते हुए प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन व स्टाफ एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के डायरैक्टर वकील विक्रांत राणा को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, डीएवी कालेज के प्रिंसीपल डा. एस. के. अरोड़ा। (संदीप)

जालंधर, 19 अप्रैल (कुश) : हंसराज महिला महाविद्यालय में महात्मा हंसराज जी का जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर टीचिंग तथा नॉन टीचिंग के सभी सदस्यों ने महात्मा जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला प्रशासन की विशेष अनुमति तथा अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के डायरैक्टर वकील विक्रांत राणा के सहयोग से विशेष टीकाकरण कैंप (कोविड-19) का आयोजन संस्था परिसर में किया गया। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा जी परोपकार के प्रणेता तथा पथ-प्रदर्शक थे। उन्होंने अपने जीवन का एक-एक क्षण परोपकार और पर दुःख हरण में व्यतीत किया। उन्होंने उनके जीवन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि वह केवल चालीस रुपए मासिक पर गुजारा करते थे। स्व प्राप्त गरीबी में दिन काटना सबसे कठोर तपस्या है। दुःख-सुख, रोग-अरोग, मान-अपमान, प्रसन्नता-अप्रसन्नता की अपेक्षा किए बिना जो कर्त्तव्य अपने कंधे ले लिया, उसे निभाते जाना ही सच्चा तप है। उनका समाज कल्याण, राष्ट्रहित तथा शिक्षा के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय तथा अनुकरणीय है। हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रधान डी.ए.वी. प्रबन्धकर्त्री समिति पद्मश्री डा. पूनम सूरी का संदेश सबके साथ सांझा किया। डी.ए.वी. कॉलेज जालंधर के प्राचार्या डा. एस.के. अरोड़ा ने भी महात्मा जी के जीवन पर झांकी डलवाई और उनके बड़े भाई मुल्कराज के उनके जीवन में योगदान को याद किया।

इस उपलक्ष्य में डीन अकादमिक डा. कंवलदीप कौर ने कहा कि महात्मा हंसराज जी का जीवन परोपकार व लोक कल्याण के मार्ग पर चलते हुए सम्बन्धों की घनिष्ठता बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। संस्कृत विभागाध्यक्षा डा. मीनू तलवाड़ ने अपने विचार सांझे करते हुए कहा कि निरन्तर 58 वर्षों तक एकरस रहकर एक ध्येय को लेकर चलते रहना बहुत कठिन काम है। आजन्म पग-पग पर विघ्न-बाधाओं का डटकर मुकाबला करते हुए अपने पथ से विचलित न होना सबसे बढ़कर वीरता, पराक्रम और साहस की बात है। वे परोपकार के जीवित आदर्श थे। इस कार्यक्रम के अन्त में डीन वैदिक स्टडीज ममता ने इस सभा में उपस्थित प्राचार्य डी.ए.वी. कॉलेज डा. एस.के. अरोड़ा, प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, फैकल्टी मैंबर्स व स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा महात्मा जी के समक्ष नतमस्तक होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

महात्मा हंसराज जी के जन्मोत्सव पर महात्मा हंसराज जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्राचार्या प्रो.डा.अजय सरीन, डीएवी कालेज के प्रिंसीपल डा. एस.के. अरोड़ा व स्टाफ। (संदीप)

## NSS Unit of HMV Observed Communal Harmony Campaign Week

Dated: 19-25 November, 2020



से अधिक पाठक (IRS 2019)

PUNJAB KES

# एच.एम.वी. में एन.एस.एस. यूनिट ने साम्प्रदायिक सौहार्द अभियान चलाया

जालंधर, 5 दिसंबर (कुन्दन): हंसराज महिला महाविद्यालय के एन.एस.एस. यूनिट की ओर से प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के प्रोत्साहनात्मक दिशा-निर्देशन अधीन राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय के आदेशानुसार साम्प्रदायिक सौहार्द अभियान सप्ताह मनाया गया। इस पूर्ण सप्ताह में वालंटियर्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्ण भाग लेकर अपने भावनात्मक विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने एन.एस.एस. यूनिट के इस उत्साह एवं कार्य हेतु यूनिट को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश में शान्ति एवं सौहार्दता कायम रखने के लिए युवा पीढ़ी को इसके प्रति जागृत करने की अति आवश्यकता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं निश्चय ही युवा पीढ़ी की सोच में बदलाव लाकर एक एकनिष्ठ देश की स्थापना में सहायक होगी। एन.एस.एस. प्रोग्राम आफिसर वीना अरोड़ा एवं डा. अंजना भाटिया ने वालंटियर्स को उत्साहित किया।

इस दौरान निबन्ध लेखन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें सभी एन.एस.एस. वालंटियर्स ने पूर्ण उत्साह से सहभागिता की। जिसका विषय साम्प्रदायिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकीकरण रहा। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में कु. मनप्रीत कौर प्रथम, कु. खुशदीप कौर द्वितीय एवं कु. प्रिया शर्मा तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में कु. अबरीति प्रथम, कु. सुमनदीप कौर द्वितीय एवं कु. गरिमा, कु. नेहा लूथरा तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर संस्थान की ओर से दिए गए फ्लैग स्टीकर भी वालंटियर्स को वितरित किए एवं अभिदान एकत्रित किया। इस अवसर पर प्रोग्राम आफिसर हरमनु ने भी वालंटियर्स के इस उत्साह की सराहना की एवं उन्हें बधाई दी। एन.एस.एस. सहायक प्रोग्राम आफिसर पवन कुमारी एवं डा. मीनू तलवाड़ ने भी वालंटियर्स की सहभागिता की सराहा।

National Integration Day

साम्प्रदायिक सौहार्द अभियान में विद्यार्थियों द्वारा बनाकर भेजी गई पेंटिंग। (संदीप)

# [National Webinar on Water Conservation hosted by HMV]

Dated: 3rd December, 2020



अंधेरे से उजाले की ओर...

टाइम

...द, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित

RA TIMES, JALANDHAR >> पृष्ठ 12 >> वर्ष : 10 >> अंक : 113 जालंधर, शनिवार, 5 दिसंबर 2020 21 मार्गशीर्ष, विक्रमी सम्वत् 2077 << शक सम्वत् 1940 <<

## एच.एम.वी. में जल संरक्षण पर राष्ट्रीय वैबिनार का आयोजन

जालंधर, 4 दिसंबर (कुश) : हंसराज महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के मार्गदर्शन अधीन संस्था के पर्यावरण क्लब के सहयोग से जल प्रबंधन में चुनौतियां एवं अवसर विषय पर राष्ट्रीय वैबिनार का आयोजन किया गया। समस्त कार्यक्रम का आयोजन वैबिनार कन्वीनर डा. सीमा मरवाहा, वैबिनार इंचार्ज डा. अंजना भाटिया एवं अध्यक्ष साइंस फैकल्टी डा. नीलम शर्मा के संरक्षण में किया गया। मुख्य वक्ता स्वरूप डा. राजिंदर सिंह (वाटरमैन ऑफ इंडिया) एवं मुख्यातिथि के रूप में शिव रमन गौड़ (डायरैक्टर उच्च शिक्षा डीएवी कालेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली) उपस्थित रहे एवं समागम को शोभामान किया। वैबिनार कन्वीनर डा. सीमा मरवाहा ने सर्वप्रथम पर्यावरण क्लब का संक्षिप्त परिचय दिया एवं बताया कि इस क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वातावरण के प्रति जागृत करना रहा है।

डा. नीलम शर्मा (अध्यक्ष,साइंस फैकल्टी) ने भी गणमान्य सदस्यों का स्वागत किया। इस उपलक्ष्य में शिव रमन गौड़ (डायरैक्टर उच्च शिक्षा डीएवी कालेज प्रबंधकर्त्री समिति नई दिल्ली) ने कहा कि निश्चय ही यह वैबिनार नई पीढ़ी को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने जल प्रबंधन पर संक्षिप्त चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाने एवं लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ प्रेरित करने एवं इसे व्यवहार में लाने हेतु शिक्षित किया। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने अपने वक्तव्य में मुख्य वक्ता वाटरमैन आफ इंडिया डा. राजिंदर सिंह को पानी को बचाने वाला मसीहा की उपाधि से सम्मानित किया एवं बताया कि लगभग 990 डीएवी संस्थाओं ने भी जल प्रबंधन आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसका ड्रोप ड्रोपिंग ड्रोप्स स्लोगन सर्वश्रेष्ठ स्लोगन माना गया। मुख्य वक्ता डा. राजिंदर सिंह ने अपने संभाषण से छात्राओं एवं अन्य श्रोतागणों को लाभान्वित किया एवं कहा कि आज देश के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्यावरणीय बदलाव है। इसी वातावरण के दूषित होने के कारण आज कोरोना वायरस जैसे संक्रमण हमें प्रभावित कर रहे हैं। समागम के अंत में डा. नीलम शर्मा (साइंस फैकल्टी अध्यक्ष) ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया एवं छात्राओं को मुख्य वक्ता द्वारा दिए ज्ञान को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। वैबिनार का सूत्राधार व संचालन डा. अंजना भाटिया ने किया।

राष्ट्रीय वैबिनार में ऑनलाइन हिस्सा लेते हुए मुख्य वक्ता स्वरूप डा. राजिंदर सिंह, प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, डा. नीलम शर्मा, डा. अंजना भाटिया व वक्ता। (संदीप)

# [HMV Organized a Webinar on “Woman Health Care”]

Dated: 5th December, 2020



वर्ष : 10 >> अंक : 114 जालंधर, रविवार, 6 दिसंबर 2020

## 'शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक तौर पर मजबूत रहें छात्राएं : डा. विमल'

जालंधर, 5 दिसम्बर (विनीत): हंसराज महिला महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब एवं रैडक्रॉस सोसायटी की ओर से 'नारी सेहत संभाल' विषय पर वैबीनार करवाया गया, जिसमें डा. विमल जिखा ने बतौर रिसोर्सपर्सन शिरकत करते हुए संबंधित विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक तौर पर मजबूत होने की सलाह देते हुए उन्हें निरंतर व्यायाम करने, पौष्टिक आहार का सेवन करने व चिंता मुक्त रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रिंसीपल डा. अजय सरीन सहित क्लब की को-आर्डीनेटर प्रो. कुलजीत कौर व प्रो. दीपशिखा ने डा. विमल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहना अति जरूरी है। खासकर वर्तमान समय की लड़कियों में पौष्टिक भोजन संबंधी आदतें कम हो रही हैं, जोकि सही नहीं है तथा चिंता का विषय भी है। उन्होंने सभी को कोविड-19 महामारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का पालन करने का संदेश दिया।

प्रो. कुलजीत कौर ने वैबीनार में कहा कि यदि स्त्री सेहतमंद हो तो सारा परिवार भी स्वस्थ रहता है। वैबीनार में 300 के लगभग छात्राओं ने शिरकत की।

वैबीनार में मौजूद डा. अजय सरीन, डा. विमल जिखा, फैकल्टी मैंबर व छात्राएं।

## National Human rights day

से अधिक पाठक [IRS 2019]

PUNJAB KES


ाब केस

लुधियाना • बठिंडा • पानीपत • हिसार • शिमला • पालमपुर • जम्मू से प्रकाशित P

, शनिवार • 12 दिसम्बर, 2020 | तदनुसार 28 मार्गशीर्ष, विक्रमी सम्वत 2077 | वीर सम्वत

### 'एच.एम.वी. के लीगल लिट्रेसी क्लब व राजनीति शास्त्र ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस'

जालंधर, 11 दिसम्बर (विनीत): हंसराज महिला महाविद्यालय के पोस्ट ग्रैजुएट राजनीति शास्त्र विभाग एवं लीगल लिट्रेसी क्लब की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन प्रिंसीपल डा. अजय सरीन की अध्यक्षता में किया गया। गायत्री महामंत्र से शुरु हुए वेबीनार में चीफ ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रेट एवं सचिव, डी.एस.एस.ए. जपिन्द्र सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने मानवाधिकार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 10 दिसम्बर, 1948 को यूनाइटेड नेशन जनरल असैंबली में इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी। विश्वभर में मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून हैं। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं द्वारा संबंधित विषय के पूछे गए प्रशनों के उत्तर भी दिए। वेबीनार में डी.जी.पी. (रिटायर्ड) राजिन्द्र सिंह, अमनदीप मित्तल (डायरैक्टर, ह्यूमन राईट्स आर्गेनाइजेशन), एडवोकेट अमृत भारज, डा. कंवलदीप कौर व एडवोकेट राम छाबड़ा ने भी संबंधित विषय पर अपने-अपने विचार रखे। बॉटनी विभाग की अध्यक्षा डा. अंजना भाटिया, सहायक प्रौफैसर डा. जीवन देवी एवं राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो. नीता मलिक ने अंत में सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।



**World Disability Day**



दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

MES, JALANDHAR >> पृष्ठ 12 >> वर्ष : 10 >> अंक : 111 जालंधर, वीरवार, 3 दिसंबर 2020 19 मार्गशीर्ष, विक्रमी सम्वत् 2077 << शक सम्वत् 1940 <<

# समाज में केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकलांगता भी : राहुल सिंधु

● एच.एम.वी. में विश्व दिव्यांग दिवस पर वैबिनार का आयोजन

जालंधर, 2 दिसंबर (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन के सदैव प्रोत्साहनात्मक दिशा-निर्देशन अधीन एवं डॉ. प्रेम सागर (विभागाध्यक्ष संगीत गायन विभाग, संयोजक) अधीन विश्व दिव्यांग दिवस पर वैबिनार करवाया गया। मुख्यातिथि स्वरूप राहुल सिंधु (एस.डी.एम.) उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में दिपेन्द्र मनोचा (फाऊंडर, सक्षम सोसायटी), सुरेन्द्र सेठ (सदस्य लोकल मैनेजिंग कमेटी), तहसीलदार इंदरदेव सिंह (रैडक्रॉस स्कूल फार डैफ एण्ड डम्ब) भी उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज के समाज में विकलांगता केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक भी है, जो समाज को प्रभावित कर रही है। उन्होंने आर्य रत्न डी.ए.वी.सी.एम.सी. नई दिल्ली के प्रधान पद्मश्री पूनम सूरी का सदैव मनोबल बढ़ाने हेतु धन्यवाद किया। मुख्यातिथि राहुल सिंधु (एस.डी.एम.) ने कहा कि एच.एम.वी. समाज कल्याण हेतु कार्य करने में सदैव अग्रणीय संस्था है। आज समाज में केवल शारीरिक विकलांगता ही नहीं, बल्कि मानसिक विकलांगता भी अपने पैर पसार रही है। उन्होंने प्रत्येक जन को उसके सर्वोन्मुखी विकास हेतु अवसर प्रदान करने को कहा। सुरेन्द्र सेठ (सदस्य लोकल मैनेजिंग कमेटी) ने भी अपने वक्तव्य में संस्था के द्वारा उठाए गए इस कदम हेतु बधाई दी। मुख्य वक्ता दिपेन्द्र मनोचा (फाऊंडर ट्रस्टी, सक्षम) ने दिव्यांग विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसी उपलक्ष्य में इन्द्रदेव सिंह (रैडक्रॉस स्कूल फार डैफ एण्ड डम्ब) के संरक्षण में कु. शालिनी एवं कु. सलोनी ने डांस प्रस्तुत कर अपनी विलक्षणता का परिचय दिया। कु. एंजल (छात्रा एच.एम.वी.) ने अपने वक्तव्य में बताया कि संस्था ने सदैव उसे आगे बढ़ने हेतु प्रेरित व उत्साहित किया है। कार्यक्रम संचालक की भूमिका डॉ. अंजना भाटिया द्वारा निभाई गई। अंत में डॉ. प्रेमसागर (कार्यक्रम संयोजक व विभागाध्यक्ष संगीत गायन) ने समस्त गणमान्य सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वैबिनार में हिस्सा लेते प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन, स्वरूप राहुल सिंधु एस.डी.एम. दिपेन्द्र मनोचा, सुरेन्द्र सेठ, तहसीलदार इंद्रदेव सिंह, अंजना भाटिया व अन्य। (संदीप)

## Beat COVID Campaign



जालंधर, वीरवार, 22 अप्रैल 2021

# एच.एम.वी. हमेशा ही कोरोना से मानवीयता को बचाने के लिए वचनबद्ध : प्राचार्या डा. अजय सरीन

## एच.एम.वी. ने कोरोना के खिलाफ लड़ने की शपथ ली

जालंधर, 21 अप्रैल (कुश) : प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन अध्यक्षता में हंसराज महिला महाविद्यालय के वालंटियर्स ने कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ने की शपथ ली। एन.एस.एस., एन.सी.सी. तथा विद्यार्थी परिषद की छात्राओं ने टीचर इंचार्ज के साथ टीचिंग एवं नॉन टीचिंग सदस्यों ने कोरोना के विरुद्ध जंग करने की शपथ ली। इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने कहा कि एच.एम.वी. हमेशा ही कोरोना से मानवीयता को बचाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि एच.एम.वी. ने कालेज में वैक्सीनेशन कैंप लगाकर टीका उत्सव भी आयोजित किया। संगीत विभागाध्यक्ष डा. प्रेम सागर के निरीक्षण में बनी एक वीडियो भी इस अवसर पर रिलीज की गई जिसमें टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया है। डीन इनोवेशन एवं रिसर्च डा. अंजना भाटिया ने कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस अवसर पर सलोनी शर्मा, उर्वशी मिश्रा, लैफि सोनिया महेन्द्रू, प्रदीप मेहता, डा. राखी मेहता, सविता महेन्द्रू, सुशील कौर, परमिन्द्र सिंह, डा. मीनाक्षी कुमार, ज्योतिका मिन्हास, लवलीन दुग्गल मेहता, अल्का, ऋषभ धीर, रवि मैनी, राजेश कुमार, विधू वोहरा एवं अरविन्द चंदी उपस्थित थे।

ऑनलाइन रहकर कोरोना के खिलाफ लड़ने की शपथ लेते हुए प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, टीचर इंचार्ज, टीचिंग एवं नॉन टीचिंग सदस्य, एन.एस.एस., एन.सी.सी. व विद्यार्थी। (संदीप)

## National Voters' Day Celebrated at HMV

Dated: 25th January, 2021



अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

एच.एम.वी. में 'राष्ट्रीय मतदान दिवस' का आयोजन

जालंधर, वीरवार, 28 जनवरी 2021

# तदाता की सजगता व जागरूकता ही सब मस्याओं का हल है : डिप्टी कमिश्नर

वी. में 'राष्ट्रीय मतदान दिवस' की शुरुआत और शपथ में हिस्सा लेते हुए मुख्यातिथि स्वरूप डिप्टी कमिश्नर घनश्याम थोरी, प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, ए.डी.ई.ओ., ए.डी.सी. विशेष सारंगल, व शर्मा (पी.सी.एस., एस.डी.एम., शाहकोट), जसबीर सिंह (पी.सी.एस., ए.डी.सी., जनरल), जयइन्द्र सिंह (पी.सी.एस., एस.डी.एम.-1), अनुपम कलेर (पी.सी.एस., ए.सी.ए.), सुरजीत लाल ाइडैंस ऑफिसर) व राकेश कुमार कानूनगो। (संदीप)

धर, 27 जनवरी (राजेश ) : हंसराज महिला लय में प्राचार्या प्रो. डा. सरीन के दिशा-निर्देशन ला चुनाव आफिसर के राष्ट्रीय मतदान दिवस का र्वक आयोजन किया गया। थि स्वरूप डिप्टी कमिश्नर थोरी उपस्थित रहे। साथ ए.डी.ई.ओ., विशेष सारंगल, डा. शर्मा (पी.सी.एस., ., शाहकोट), जसबीर ी.सी.एस., ए.डी.सी.,

शुभारंभ संगीत गायन विभागाध्यक्ष डा. प्रेमसागर एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने समस्त गणमान्य सदस्यों का संस्था की परम्परानुसार प्लांटर एवं संस्था प्लैनर भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया।

अपने अभिवादनीय शब्दों में प्राचार्या जी ने गणमान्य सदस्यों का संस्था एवं डी.ए.वी. कालेज मैनेजिंग कमेटी की ओर से हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने संस्था में लगातार 5वीं बार वोटर-डे आयोजन हेतु गौरव

हुए अत्यधिक वोटर बनाने में प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ सदैव जिम्मेदारियां निहित रहती हैं। जागरूक वोटर वही है जो अपने अधिकारों व कर्त्तव्यों के साथ जागरूकता का प्रयोग कर अपने मतदान का उचित प्रयोग करे। इसलिए प्रण करें कि सदैव संतुलन रखते हुए आप अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।

डिप्टी कमिश्नर घनश्याम थोरी ने आभार व्यक्त किया एवं कहा कि आज 11वां वोटर-डे आयोजित

वचनबद्ध रहने हेतु भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता की सजगता व जागरूकता ही सब समस्याओं का हल है।

उन्होंने पूर्ण सजगता से अपने वोट का प्रयोग करने हेतु भी प्रेरित किया। इसी उपलक्ष्य में सी.ई.सी. मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा के संदेश को भी सबसे साझा किया गया। इस अवसर पर डा. संजीव शर्मा, डा. अंजना भाटिया, नीटा मलिक, विवेक कौड़ा, जसबीर सिंह, सुरजीत लाल, परमिन्दर सिंह, विवेक जोशी, मास्टर सलीम,

गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, विशेष सारंगल, अनुपम कलेर, डा. जयइन्द्र सिंह को उनके विशिष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। एच.एम.वी. आयोजन टीम को भी उनके योगदान हेतु प्रमाण पत्र दिए गए।

इसी उपलक्ष्य में नए वोटर्स को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ई-एपिक/ई मतदाता पहचान पत्र का भी विमोचन किया गया। संस्था द्वारा निर्मित वोटर जुगनी भी प्रस्तुत की गई। ऑनलाइन वोटर डे प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं

# International Women's Day Celebrated

Dated 8th March ,2021



दैनिक जागरण | 17 दिसंबर, 2020

एचएमवी की तरफ से युनाइटेड नेशन के अंतर्गत अंतर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की तरफ से अंतर राष्ट्रीय बार एसोसिएशन के सहयोग से शिक्षा व समाज सेवा पुरस्कार वितरण समारोह किया गया ● विज्ञप्ति

## 'महिलाओं और पुरुषों को समानता दिलाने की जरूरत'

जासं, जालंधर : एचएमवी ने अंतर्राष्ट्रीय बार एसोसिएशन के सहयोग से शिक्षा व समाज सेवा पुरस्कार वितरण समारोह करवाया। इसमें निस्वार्थ सेवा भावना व सहयोग तथा नारी सशक्तीकरण को सम्मानित किया गया।

प्रिंसिपल डा. अजय सरीन ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने हर क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों को समानता दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बेटी पढ़ाओ- बेटी समझाओं व बजुर्ग अपनाओं का नारा बुलंद कर सभी को प्रेरित किया।

मौके पर मीनाक्षी स्याल, डा. अंजना भाटिया, डा. हरप्रीत सिंह, डा. राखी मेहता, अल्का शर्मा, एडवोकेट अंजू बाला, एडवोकेट मंजू बाला, एडवोकेट हरविंदर कौर, एडवोकेट मनप्रीत चावला, एडवोकेट गीतिका आदि थे।



अंधेरे से उजाले की ओर...

जालंधर, बुधवार, 10 मार्च 2021

## पुरुष व स्त्री को समानता के अधिकार प्रदान करें : प्राचार्या डॉ. अजय सरीन

एच.एम.वी. में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, डीन अकादमिक डा. कंवलदीप कौर, अंजना भाटिया, प्रोतिमा मंडेर, डा. हरप्रीत सिंह व रवि मैनी। (संदीप)

जालंधर, (कुश) : हंसराज महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन के प्रोत्साहनात्मक दिशा-निर्देशन अधीन संस्था के इनोवेशन एवं वूमैन इम्पावरमैंट सैल की ओर से आयोजित 3 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। उपस्थित आर.जे. पक पक दीपक (रेडियो जॉकी) का प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन एवं डीन अकादमिक डा. कंवलदीप कौर द्वारा प्लांटर भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया गया। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने आयोजनकर्ताओं डा. अंजना भाटिया एवं प्रोतिमा मंडेर को बधाई दी एवं कहा कि इस प्रकार के आयोजन तभी सार्थक एवं सफल होंगे यदि हम इनसे प्राप्त सुझावों को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप से ग्रहण करें एवं पुरुष व स्त्री को समानता के अधिकार प्रदान करें। संस्था से डा. हरप्रीत सिंह और रवि मैनी की ओर से गेम्स के माध्यम से माहौल आनन्दमय बनाया गया। भंगड़ा एवं गीतों के माध्यम से वातावरण को मनोरंजन से भरपूर बनाया गया। कु. गुरकीरत एवं कु मानसी ने कविता प्रस्तुत की।

Turning waste into best



REGISTRATION NO. PB-JL-058/20-22 | DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR | जालंधर, रविवार, 4 अक्तूबर 2020

# ट्रैश को उपयोगी वस्तुओं में बदल रहा एच.एम.वी. : प्राचार्या डा. अजय सरी

- एच.एम.वी. पूरे जोश से नगर निगम की 'मेरा वेस्ट मेरी जिम्मेदारी' मुहिम में दे रहा योगदान

जालंधर, 3 अक्तूबर (कुश): हंस राज महिला महाविद्यालय कचरे को कम करने व कचरे को उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए कार्यरत है। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने बताया कि छात्राओं में वातावरण के प्रति रूचि को आगे बढ़ाने के लिए किए गए कुछ प्रयासों में शामिल हैं- वेस्ट व रिसाइक्लिंग यूनिट की स्थापना, कचरे के ढेर को कैंपस के इर्द-गिर्द ग्रीन बैल्ट में तबदील करना, सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट प्लांट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मीकम्पोस्ट करना एवं सैनेटरी कचरे को कम करने के लिए वाशरूम में इंसीटनेरेटर की स्थापना इत्यादि। इसके अतिरिक्त संस्था में वर्मीकम्पोसट तैयार करने, बायो कीटनाशकों, बायोफ्यूल की तैयारी, आर्गैनिक रंग की तैयारी और अन्य को लिया गया है।

जानकारी देते हुए प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन तथा कचरे को उपयोगी उत्पादों मे परिवर्तित बारे जानकारी हासिल करती छात्राएं एवं लगाए गए प्रौजेक्ट। (संदीप)

हंस राज महिला महाविद्यालय के प्रांगण में सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट प्लांट वेस्ट को कुशलता से जैविक खाद में तब्दील कर रहा है। वर्मीकम्पोसट भी कालेज में मैस वेस्ट से तैयार किया जाता है और पोर्टेबल किचन गार्डन में प्रयोग होता है। एयर कंडीशनरों के गंदे पानी का इस्तेमाल मोपिंग, सफाई के उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है कालेज की बुटीक में पैदा हुए वेस्ट को पर्स, कपड़े और फैशनेबल उपकरणों को बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। प्लास्टि कूड़ा-कर्कट रचनात्मक सजावटी बनाने के लिए इस्तेमाल किया ज वेस्ट पेपर रीसाइक्लिंग यूनिट रीसाइकिल पेपर फाइलों, फो लिफाफों में बदला जाता है गौरतलब है कि एच.एम.वी. जाल इकलौता कालेज है जो भारत के स्वच्छ कालेजों में शामिल है। प्रो. डा. अजय सरीन ने कहा कि कर्कट को घटाने व स्वच्छ भारत में योगदान देने के लिए रीसाइक्लि उत्तम ढंग है। उन्होंने कहा एच.एम.वी. पूरे जोश से नग जालंधर की मेरा वेस्ट मेरी जि मुहिम में योगदान दे रहा है।

## Labour Day celebrated as Prati- AAbharDiwas

# एच.एम.वी. ने मनाया प्रतिआभार दिवस



एच.एम.वी. कालेज में मनाए गए प्रतिआभार दिवस सहायक स्टाफ के सदस्यों को फूल भेंट कर मनाते हुए सुपरिंटेंडेंट जनरल लखविन्दर सिंह, सुपरिंटेंडेंट एडमन. रवि मैनी। (संदीप)

जालंधर, 2 मई (कुश): श्रमिकों के कभी न थकने वाले प्रयासों को मान्यता देने के लिए व उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से हंसराज महिला महाविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन के दिशा-निर्देशनुसार प्रतिआभार दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. सरीन ने कहा कि लेबर-डे हमें यह याद दिलाता है कि हमारा सहायक स्टाफ संस्थान के वास्तविक निर्माता हैं। हमें उन्हें पूरा आदर-सम्मान देना चाहिए। उन्हें सम्मान देने के लिए यह संस्थान की एक छोटी सी कोशिश है, इससे हमारी छात्राओं में भी सकारात्मक सोच का संचार होगा। सहायक स्टाफ के सदस्यों को फूल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सुपरिंटेंडेंट जनरल लखविन्दर सिंह ने कहा कि श्रमिक ही राष्ट्र निर्माता हैं। सारे सहायक स्टाफ की तरफ से उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्या प्रो. डॉ. सरीन का सहायक स्टाफ के लिए हर प्रकार की संभव सहायता और लाभ प्रदान के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर सुपरिंटेंडेंट एडमन. रवि मैनी, मनोहर लाल, मदन लाल, सचिन कुमार, कमलजीत, तेज कुमार, दूस नाथ, शिव लाल, बेचन लाल, अजय कुमार, रविंदर सिंह, मनोज कुमार, रजनी, सोना रानी, बलविंदर सिंह, अवतार सिंह, जोगिन्दर प्रसाद और तीर्थ कुमार भी उपस्थित थे।

## PrabhatPheri by NSS Volunteers of HMV

**FIT INDIA Run by NCC, NSS**



## एचएमवी में फिट इंडिया प्रभातफेरी निकाली



हंसराज महिला महाविद्यालय में फिट इंडिया प्रभातफेरी का नेतृत्व करती प्रिंसिपल डा. अजय सरीन ● जागरण

**जागरण संवाददाता, जालंधर :** हंसराज महिला महाविद्यालय में प्रिंसिपल प्रो. डा. अजय सरीन की अगुआई में फिट इंडिया मुहिम के तहत महाविद्यालय की एनएसएस वालंटियर्स ने अपने-अपने क्षेत्रों में फिट इंडिया प्रभातफेरी का आयोजन किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यार्थियों ने अपने आसपास के लोगों को साथ लेकर प्रभातफेरियां निकाली। मौके पर संबोधित करते हुए डा. सरीन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है।

जालंधर, 9 अप्रैल, 2021

# एचएमवी में फिट इंडिया रन करवाई



एचएमवी की तरफ से करवाई गई रन फार लाइफ के दौरान मौजूद लोग • जागरण

जासं, जालंधर : एचएमवी की तरफ से 95वें स्थापना दिवस पर फिट इंडिया के तहत रन फार लाइफ का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि नगर निगम के संयुक्त कमिश्नर हरचरण सिंह, अंबेस्डर फिड इंडिया मूवमेंट बीनू राजपूत और विशेष तौर पर लोकल मैनेजमेंट कमेटी के डा. पवन गुप्ता, अशोक परुथी, एसपी सहदेव सहित दूरदर्शन से रिटायर्ड सीनियर प्रोड्यूसर सरदारजीत बावा शामिल हुए, जिनका स्वागत प्रिंसिपल डा. अजय सरीन ने किया।

इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सदस्यों की तरफ से फिट रहने के लिए दैनिक जीवन में प्रति दिन तीस मिनट तक खुद को फिट रखने हेतु समर्पित करने का प्रण लिया गया। प्रिंसिपल डा. अजय सरीन ने बताया कि जल्द ही संस्थान रेडियो आवाज का विमोचन करने जा रहा है जिसके लिए मास कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष रमा शर्मा और ज्योति सहगल को बधाई दी। रेडियो एप की लांचिंग पंजाबी गायक फिरोज खान द्वारा की गई। इस फंक्शन की अध्यक्षता को-आर्डिनेटर डा. कंवलदीप कौर और डा. अंजना भाटिया ने की।

---

जालंधर, शुक्रवार, 9 अप्रैल 2021

मीडिया पार्टनर 'दैनिक सवेरा' के सहयोग से फिट इंडिया चैम्पियन बीनू राजपूत के निर्देशन में आयोजित

# ...च.एम.वी. कालेज में रन फॉर लाइव्स में दौड़ी युवतियां

...ता रही छात्राओं को 'दैनिक सवेरा' की डायरैक्टर श्रीमती वाणी विज, ज्वाइंट कमिश्नर हरचरण सिंह, बीनू राजपूत, प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने किया सम्मानित





...कालेज में करवाई रन फार लाइव्स में विजेता रही छात्राओं के साथ शामिल दैनिक सवेरा की डायरैक्टर श्रीमती वाणी विज, ज्वाइंट कमिश्नर नगर निगम हरचरण सिंह, बीनू राजपूत (दस्तावेजी फिल्म निर्माता व निर्देशिका, एम्बेसडर ...), प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन, लोकल कमेटी से डा. अशोक परुथी तथा (दाएं) रन फार लाइव्स में विजेता रही छात्राओं को मैडल देकर सम्मानित करते हुए दैनिक सवेरा की डायरैक्टर श्रीमती वाणी विज, ज्वाइंट कमिश्नर हरचरण सिंह, बीनू राजपूत, प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन व लोकल कमेटी से डा. अशोक परुथी। (विजय कुमार)










फिट इंडिया चैम्पियन बीनू राजपूत के निर्देशन में एच.एम.वी. कालेज में करवाई रन फॉर लाइव्स में रेस में अलग-अलग अंदाज में हिस्सा लेती हुई छात्राएं। (विजय कुमार)




## हम उन खेलों को प्रमोट करेंगे जो बचपन में गली-मोहल्लों में खेला करते थे : फिट इंडिया चैम्पियन बीनू राजपूत



# Plastic free Day

## एचएमवी में इंस्टॉल की गई प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन



जालंधर | स्वच्छ भारत अभियान की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए एचएमवी कॉलेज में नगर निगम जालंधर के सहयोग से प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन इंस्टॉल की गई है। प्रिंसिपल प्रो. डॉ. अजय सरीन ने कहा कि यह क्रशर प्लास्टिक वेस्ट को दोबारा प्रयोग करने में सहायक होगा। उन्होंने निगम कमिश्नर करनेश शर्मा का इस संयुक्त प्रयास के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने ओलिंपिक टीम लीडर सुरजीत के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि यह मशीन प्रतिदिन लगभग 2000 बोतलों को क्रश तथा स्टोर करने में सक्षम है।

दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित

अंधेरे से उजाले की ओर...

TIMES, JALANDHAR >> पृष्ठ 10+4=14 >> वर्ष : 10 >> अंक : 324 जालंधर, रविवार, 4 जुलाई 2021 20 आषाढ़, विक्रमी सम्वत् 2078 << शक सम्वत् 194

## भावी पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके, इसके लिए प्लास्टिक को स्वयं से दूर करना आवश्यक : प्राचार्या डॉ. अजय सरीन

**● एच.एन.वी. ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे**

जालंधर, 3 जुलाई (कुश): हंसराज महिला महाविद्यालय द्वारा 'प्लास्टिक बैग फ्री डे' के अवसर पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक बैग के प्रयोग को खत्म करना था। प्राचार्या प्रो. डा. अजय सरीन ने कहा कि दुनिया में प्रदूषण के मुख्य कारणों में से प्लास्टिक मुख्य है। एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक बैग वातावरण को कभी न पूरी होने वाली क्षति पहुंचाते हैं। प्लास्टिक गलने में 500 वर्ष का समय लेता है। ये प्लास्टिक बैग मैदानों, समुद्रों में एकत्र हो जाते हैं तथा हमारी प्रकृति में रहने वाले कई जीवों को भारी नुक्सान पहुंचाते हैं। डॉ. अजय सरीन ने कहा कि 3 जुलाई को 'अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक फ्री डे' के तौर पर मनाया जाता है। यह एक बेहतरीन अवसर है दुनिया को यह समझाने का कि प्लास्टिक के बिना भी जीवन सम्भव है। देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के प्रयास में एक छोटा सा प्रयास एच.एम.वी. ने भी किया। एच.एम.वी. ने नगर निगम, जालंधर के साथ मिलकर कॉलेज प्रांगण में प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन लगाई। यह क्रशर प्लास्टिक वेस्ट को रीसाइकिल करने में सहायता करती है। यह वेस्ट प्रबंधन भी प्रभावी रूप से करती है। डॉ. अजय सरीन ने आगे बताया कि कालेज में प्लास्टिक के प्रयोग जैसे प्लास्टिक बैग / प्लास्टिक फाइल आदि पर बैन है। उन्होंने कहा कि हमारी धरती एक बड़े बदलाव से गुजर रही है। भावी पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके, इसके लिए प्लास्टिक को स्वयं से दूर करना आवश्यक है। डॉ. अजय सरीन ने कहा कि एच.एम.वी. प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। कालेज की छात्राएं भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं।

महाविद्यालय द्वारा एक परियोजना प्रारंभ की जा रही है जिसमें स्वयं सहायता समूह की छात्राएं एवं महिलाएं पुराने कपड़ों से थैले तैयार करती हैं जो प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर प्रयोग में लाए जाते हैं। संस्था ने प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए की गई पहलों के लिए पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।



जानकारी देते हुए प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन एवं कालेज परिसर में लगाई गई प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन। (संदीप)